PendulumEdu

करेंट अफेयर्स

10-11-2019

करेंट अफेयर्स

10th November 2019

www.pendulumedu.com

करेंट अफेयर्स – 10 नवंबर 2019

1. अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

- सुप्रीम कोर्ट ने विवादित जमीन जो करीब 2.77 एकड़ है उसे राम मंदिर के निर्माण के लिए दे दिया गया है।
- जबकि मस्जिद के लिए अलग से 5 एकड़ जमीन देने का आदेश दिया गया है
- पांच जजों की संवैधानिक पीठ ने केन्द्र को तीन महीने के अंदर एक ट्रस्ट का गठन करने का निर्देश जारी किया है। यह ट्रस्ट राम मंदिर के निर्माण के लिए जिम्मेदार होगी।

2. संस्कृत भारती विश्व सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में

- संस्कृत भारती विश्व सम्मेलन नई दिल्ली में शनिवार से आरंभ हो गया है।
- इस तीन दिवसीय सम्म्मेलन में 17 देशों से करीब 1000 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।
- विदेश राज्यमंत्री वी.मुरलीधरन ने कहा कि संस्कृत के शब्द, देश की अधिकतर भारतीय भाषाओं में पाए जाते हैं।

3. मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने अपनी चुनावी जीत की घोषणा की

- हाल ही में हुए चुनाव के परिणाम के आधार पर, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रवीण कुमार जगन्नाथ ने अपनी जीत की घोषणा की है।
- इस जीत पर भारत के प्रधानमंत्री ने उन्हें बधाई दी और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मज़बूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराया है।
- मॉरीशस एक द्वीपीय देश है जो हिंद महासागर में स्थित है।
- इसकी राजधानी **पोर्ट लुई** है और मुद्रा **मॉरिशियाई रूपया** है।

4. एक दिवसीय ODF प्लस राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन दिल्ली में

- जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग (DDWS) ने एक दिवसीय ODF प्लस पर आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन नई दिल्ली में किया है।

- इस कार्यशाला में 12 राज्यों के मुख्य अधिकारियों ने भाग लिया।
- ODF प्लस के दो मुख्य भाग हैं– ODF स्थिरता (ODF-Sustainability) और ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन (Solid and Liquid Waste Management - SLWM)
- अक्टूबर 2019 तक 5.99 लाख गाँवों, 699 जिलों और 35 राज्यों/केन्द्र प्रशासित प्रदेशों ने खुद को खुले में शौच से मुक्त (ODF) घोषित किया है।

5. भारतीय वायु गुणवत्ता इंटरएक्टिव कोष–Ind AIR

- सी.एस.आई.आर – एन.ई.ई.आर.आई (CSIR-NEERI) ने भारत का पहला ऑनलाइन कोष (IndAir) तैयार किया है।
- इस कोष का उद्देश्य वायु गुणवत्ता अनुसंधान को सभी के लिए उपलब्ध कराना है।
- यह कोष पिछले 60 वर्षों में किये गए अनुसंधान और बनाये गये कानूनों का दस्तावेज है।
- इस कोष में दिल्ली – एन.सी.आर से संबंधित अध्ययनों की संख्या 262 है, जो कि इसे विश्व की कुछ ऐसी सुविधाओं में से एक बनाता है।
- इस ऑनलाइन कोष ने यह खुलासा किया है कि भारत में वायु प्रदुषण को विषय के रूप में 1905 को ही मान्यता दे दी गई थी, जब बंगाल धूम्रपान प्रदूषण अधिनियम पर अध्ययन किया जा रहा था।
- राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (NEERI) सी.एस.आई. आर का एक मुख्य अनुसंधान केन्द्र है जिसकी स्थापना 1985 में नागपुर में की गई थी।
- एन.ई.ई.आर.आई. भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

6. खोज एवं बचाव कार्यशाला और अभ्यास – 2019 (Re SAREX - 2019)

- इंड़ियन कोस्ट गार्ड ने क्षेत्रिय स्तर पर खोज एवं बचाव कार्यशाला और अभ्यास – 2019 (Re SAREX - 2019) का आयोजन किया है।
- तटरक्षक जिला मुख्यालय (11) गोवा द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में समुद्र में खोज और बचाव अभ्यास के बाद कार्यशाला और टेबलटॉप अभ्यास शामिल थे।

7. भारत न्याय रिपोर्ट 2019

- हाल ही में टाटा ट्रस्ट, कॉमनवैल्थ ह्यूमन राईट इनिशिएटिव और अन्य के संयुक्त प्रयास द्वारा इंडिया जस्टिस रिर्पोट 2019 का प्रकाशन किया गया है।
- इंडिया जस्टिस रिर्पोट को चार प्रमुख स्तंभों के आधार पर तैयार किया जाता है–

  1. *पुलिस*
  2. *न्यायपालिका*
  3. *कारागार*
  4. *कानूनी सहायता*

- इन सभी आधारों को बजट, मानव संसाधन, कर्मचारी पर काम का बोझ और ढ़ाचांगत सुविधाओं के आधार पर आंका जाता है।
- इस रिर्पोट के अनुसार राज्यों को दो श्रेणी में बांटा गया है। बड़े राज्य अर्थात् जिनकी जनसंख्या 1 करोड़ से अधिक है और छोटे राज्यअर्थात् जिनकी जनसंख्या 1 करोड़ से कम है।
- इस रिर्पोट के अनुसार बड़े राज्यों में नागरिकों को न्याय देने के मामलें में महाराष्ट्र सबसे आगे है। तो वहीं छोटे राज्यों में गोवा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

8. 'समुद्र शक्ति' – भारत–इंडोनेशिया के बीच युद्धाभ्यास

- वर्तमान मे भारतीय नौसना और इंडोनेशियाई नौसेना के बीच समुद्री युद्धाभ्यास 'समुद्र शक्ति' का आयोजन बंगाल की खाड़ी में किया जा रहा है।
- इसका उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करना, समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना और अंतरकार्यकारिता को बढ़ाना है।

9. राष्ट्रीय आपराधिक रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB report) रिर्पोट

- दुर्घटनाओं और सुसाइड के कारण मृत्यु रिर्पोट 2016 को हाल ही में राष्ट्रीय आपराधिक रिकॉर्ड ब्यूरो के द्वारा जारी किया गया है।
- रिर्पोट के अनुसार किसानों की आत्महत्या दर में 21 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं कृषि मजदूरों की आत्महत्या दर में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- सबसे अधिक किसानों की आत्महत्या के केस महाराष्ट्र में दर्ज किये गये हैं। तत्पश्चात् कर्नाटक का स्थान है।
- रिर्पोट के अनुसार 2016 में 4 लाख लोगों की मृत्यु दुर्घटना के कारण हुई थी। दुर्घटनाओं और सुसाइड के कारण होने वाली कुल मौतों में सबसे अधिक मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती हैं।

राष्ट्रीय आपराधिक रिकॉर्ड ब्यूरो–

- यह एक सरकारी एजेंसी है जो अपराध और अपराधियों के सूचना संग्रह और स्त्रोत के रूप में कार्य करती है।
- इसकी स्थापना 1986 में की गई थी।
- यह संस्था ग्रह मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करती है।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

10.हितेश देव शर्मा को एन.आर.सी. (NRC) का समन्वयक नियुक्त किया गया

- असम के सिविल सेवा अधिकारी हितेश शर्मा को असम मे एन.आर.सी. के समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है।
- राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (NRC) असम में निवास कर रहे भारतीय नागरिकों का एक रिकॉर्ड है। जिसे 1951 में तैयार किया गया था। 2013 में आये उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद इसे असम राज्य के लिए अपडेट किया जा रहा है।

समसामयिक प्रश्नोत्तर

1.हाल ही में किसे राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (NRC) का नया समन्वयक नियुक्त किया गया है ?

a. हितेश देव शर्मा

b. सतीश चन्द्र पाल

c. विश्वेष्वर शर्मा

d. प्रह्लाद सिंह

उत्तर– a

2. इंडिया जस्टिस रिर्पोट के अनुसार कौन सा राज्य नागरिकों को न्याय प्रदान करने में सबसे आगे है?

a. मध्य प्रदेश

b. राजस्थान

c. महाराष्ट्र

d. केरल

उत्तर– c

3. संस्कृत भारती विश्व सम्मेलन का आयोजन हाल ही में कहाँ किया गया?

a. नई दिल्ली

b. राजगीर

c. लखनऊ

d. जयपुर

उत्तर– a

4. 'समुद्र शक्ति' किन दो देशों के मध्य होने वाला नौसैन्य अभ्यास है?

a. भारत और अमेरिका

b. भारत और चीन

c. भारत और कनाडा

d. भारत और इंडोनेशिया

उत्तर– d

5. प्रवीण कुमार जगन्नाथ हाल ही में किस देश के प्रधानमंत्री पद के चुनाव के विजेता घोषित हुए हैं?

a. नेपाल

b. मॉरीशस

c. भूटान

d. श्रीलंका

उत्तर– b

Read Daily Current Affairs 9 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 9 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 10 November 2019-

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile